Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to establish a Kendriya Vidyalaya in Danguwapasi in Singhbhum Parliamentary Constituency, Jharkhand -laid.

श्री लक्ष्मण गिलुवा (सिंहभूम): मेरे संसदीय क्षेत्र सिंहभूम में डाँगुवा पोसी पर एक केन्द्रीय विद्यालय स्थापित करने हेतु केन्द्रीय विद्यालय संगठन में प्रस्ताव अभी तक लम्बित है। कई वर्षों से कई संगठनों द्वारा डाँगुवा पोसी में केंद्रीय विद्यालय स्थापित करने हेतु मांग की जा रही है। इस प्रस्तावित केन्द्रीय विद्यालय के लिए रेलवे द्वारा 4 एकड़ जमीन रेलवे भूमि भी दी जा रही है। डाँगुवा पोसी एक खनिज बाहुल्य क्षेत्र है, जहां पर खनिज उत्पादन सम्बन्धी खनन कार्य किये जा रहे हैं। यहाँ खनिज से सम्बन्धित टिस्को सरकारी उपक्रम में केन्द्रीय सरकार के कर्मचारी कार्यरत हैं। रेलवे कर्मी भी यहां काफी संख्या में हैं। यहां पर कार्यरत सरकारी केन्द्रीय कर्मचारियों के बच्चों के लिए केन्द्रीय विद्यालय शीघ्र चलाना जाना अति आवश्यक है।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र सिंहभूम में डाँगुवा पोसी पर प्रस्तावित केन्द्रीय विद्यालय को शीघ्र मंजूरी प्रदान की जाए।